अध्याय
22

# पारिभाषिक शब्दावली ( प्रशासनिक एवं वाणिज्यिक )

पारिभाषिक शब्द ऐसे शब्दों को कहा जाता है जिनका प्रयोग किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिये किया जाता हैं। ये शब्द दैनिक जीवन के शब्द न होकर ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे– गणित, इंजीनियरिंग, भौतिकी, रसायन, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र आदि के विशिष्ट शब्द होते हैं। इनकी अर्थ सीमा परिभाषित एवं सुनिश्चित होती हैं तथा इन शब्दों का अर्थ भी निश्चित एवं विशिष्ट होता है। जैसे– अभिकर्त्ता (Agent), समनुदेशन (Assignmnt), भुगतान शेष (Balance of Payment), तुलन पत्र (balance sheet), तेजड़िया (Bull), अधिहरण (Confiscation), परेषण (Consignment) आदि।

पारिभाषिक शब्दावली के अंतर्गत उन शब्दों को सम्मिलित किया गया है जो प्रशासनिक कार्यों में सर्वाधिक प्रचलित एवं उपयोगी हैं तथा जिन शब्दों का प्रयोग प्रशासनिक कार्यों में बार-बार होता है। अतः उन शब्दों का अंग्रेज़ी एवं हिन्दी रूपांतरण जानना अति आवश्यक है, जिससे प्रशासनिक कार्यों को करते हुए आप किसी प्रकार की असहजता का अनुभव न करें।

## शब्द एवं उनका अंग्रेज़ी रूपांतरण

इसमें प्रशासनिक व्यवस्था में प्रचलित हिन्दी शब्दों का संग्रह करते हुए उनके अंग्रेज़ी रूपांतरण को भी उनके सम्मुख उपलब्ध कराया गया है जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में प्रचलित हिन्दी शब्दों की अंग्रेज़ी क्या है, इसकी जानकारी आपको हो सके।

| शब्द | अंग्रेज़ी रूपांतरण |
|---|---|
| अंतरण | Transfer (ट्रांसफर) |
| अंचल | Zone (जोन) |
| अंत:क्रिया | Interaction (इंटरेक्शन) |
| अंतर्राष्ट्रीय विधि | International Law (इंटरनेशनल लॉ) |
| अंतर्दृष्टि | Insight (इनसाइट) |
| अंतर्मुखी | Introvert (इन्ट्रोवर्ट) |
| अग्रिम अदायगी | Advance Payment (एडवांस पेमेंट) |
| अधिपत्र | Warrant (वारंट) |
| अधिमान्य | Preferable (प्रेफरेबल) |
| अनभिज्ञता | Ignorance (इग्नोरेंस) |
| अनुबन्ध | Agreement (एग्रीमेंट) |
| अनियमितता | Irregularity (इरेग्युलैरटी) |
| अभिकथित | Alleged (अल्लेज्ड) |
| अभियोजन | Prosecution (प्रॉसिक्यूशन) |
| अर्थदंड | Penalty (पेनल्टी) |
| अल्पकालिक बोली | Short Term bid (शॉर्ट टर्म बिड्) |
| अवहेलना | Disregard (डिसरेगार्ड) |
| असमतल भूमि | Uneven land (अन्इव्न लैंड) |
| असमर्थनीय | Untenable (अन्टेनेब्ल) |
| असहिष्णुता | Intolerance (इंटॉल्रेंस) |
| अनुस्मारक | Reminder (रिमाइंडर) |
| आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय | Zonal Office (जोनल ऑफिस) |
| आचरण | Conduct (कंडक्ट) |
| आवंटन पत्र | 1. Allotment letter (अलॉटमेंट लेटर)<br>2. Letter of Allotment (लेटर ऑफ अलॉटमेंट) |
| अग्रदाय | Imprest (इम्प्रेस्ट) |
| अभिकर्ता | Agent (ऐंजट) |
| उपबंध | Provision (प्रोविजन) |
| आवंटन | Allocation (एलोकेशन) |
| अभिविन्यास | Orientation (ऑरिएंटेशन) |
| अधिदेश | Mandate (मैंडेट) |
| आबकारी आयुक्त | Excise Commissioner (एक्साइज कमिश्नर) |
| आर्थिक अन्वेषक | Economic Investigator (इकनॉमिक इन्वेस्टिगेटर) |